## मुख्यमंत्री ने युवाओं से कौशल बढ़ाने का किया आह्वान


# हुनरमंद को हर हाल में देंगे नौकरी : योगी

**34** हजार से ज्यादा रिक्तियां वृहद रोजगार मेले में | **20** युवाओं को सीएम ने नियुक्ति पत्र दिया कार्यक्रम में

अयोध्या/गोरखपुर, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार हर हाथ को काम, हर हाथ को रोजगार के उद्घोष को साकार कर रही है। यूपी में नौकरी और रोजगार की कोई कमी नहीं है। युवा अपनी अभिरुचि के अनुसार क्षेत्र का चयन कर खुद को प्रशिक्षित करें। हुनरमंदों को रोजगार और नौकरी की गारंटी सरकार लेगी। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित वृहद रोजगार मेला एवं सेवायोजित प्रशिक्षणार्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण और स्वरोजगार के लिए 500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उप्र कौशल विकास मिशन, श्रम, सेवायोजन विभाग एवं राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जब हर हाथ को काम, हर खेत को पानी का नारा दिया तब लोग इसे पूरा हो पाना असंभव मानते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे हकीकत में बदला। डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव हर हाथ को काम उपलब्ध करा रही। पीएम ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के लिए जनधन खाते खुलवाए, डिजिटल इंडिया से गांवों को जोड़ हर व्यक्ति को सक्षम बनाया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बड़ी कंपनियों में अलग-अलग पदों पर लाखों रुपये के सालाना पैकेज पर नियुक्त हुए 20 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। साथ ही स्वरोजगार के लिए बड़ौदा यूपी बैंक की तरफ से छह लाभार्थियों को ऋण भी वितरित किया। योगी ने कहा कि वृहद रोजगार मेले में आए जिनको रोजगार नहीं मिला, उन्हें पीएम-सीएम इंटर्नशिप योजना से जोड़ा जाए। इनको मानदेय का आधा हिस्सा सरकार, आधा संबंधित इंडस्ट्री देगी।



नवरात्र की अष्टमी पर रविवार रात गोरखनाथ मंदिर में महानिशा पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### संतों का लिया आशीर्वाद

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी रायगंज स्थित दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। इस दौरान जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी ज्ञानमती माता से भेंटकर आशीर्वाद ग्रहण किया। सीएम ने श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज से भी भेंट कर आशीर्वाद लिया। >ब्योरा P09

### 51 बसों को रवाना किया

अयोध्या। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति अभियान के तहत अयोध्या में 'मिशन महिला सारथी' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 51 साधारण बसों (बीएस 6) को रवाना किया। इन बसों में चालक व परिचालक का कार्य महिलाओं द्वारा ही संचालित किया जाएगा। >ब्योरा P09